दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शनिवार 22 जुलाई 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की अनंतिम मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में फार्मासिस्ट ग्रेड-2, ड्रेसर ग्रेड-1, ड्रेसर ग्रेड-2, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पुरूष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, महिला एवं डार्करूम असिस्टेंट के पद पर भर्ती किए जाने हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की दावा-आपत्ति हेतु समस्त पात्र-अपात्र आवेदकों की अनंतिम मेरिट सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 31 जुलाई 2023 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिंदल रोड भगवानपुर, रायगढ़ में कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है। किसी भी अभ्यर्थी का व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले कोई भी दावा-आपत्ति अभ्यावेदन मान्य नहीं होंगे। दावा-आपत्ति हेतु विस्तृत जानकारी अनंतिम मेरिट सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी वेबसाईट के माध्यम से भी सूची का अवलोकन कर सकते है।

### मोहर्रम 29 जुलाई एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** शासन द्वारा मोहर्रम 29 जुलाई एवं स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त शुष्क दिवसों पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सीएस-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफएल-1 घघ एवं एफएल-3 होटल बार)दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवसों में मदिरा, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन पूर्णत: बंद रहेगा।

### शासन के निर्देश में कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से 3 वर्ष पश्चात नियमित वेतनमान देने संबंधी कोई उल्लेख नहीं

**रायगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, जिला शाखा, रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक/65/छ.ग./लघु वेतन रायगढ़, दिनांक 23.2.2023 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रथम 3 वर्ष कलेक्टर दर पर सेवा अवधि पूर्ण होने के दिनांक से नियमित वेतनमान प्रदाय किए जाने की मांग की गई है। तत्संबंध में 23 जुलाई 2023 को छानबीन समिति की बैठक रखी गयी। समिति के द्वारा नियमित वेतनमान के संबंध में शासनादेश एवं अन्य कार्यालयीन आदेशों का परीक्षण किया गया। शासनादेश/निर्देश में नियुक्ति तिथि से 3 वर्ष पश्चात नियमित वेतनमान देने संबंधी उल्लेख नहीं है। कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को तीन वर्ष पूर्ण होने के दिनांक से नियमित वेतनमान प्रदाय किए जाने के संबंध में परीक्षणोपरांत प्रस्तुत प्रकरण अमान्य किया गया।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** कोतवाली पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि नेहरू नगर चांदनी चौक के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद नदीम खान 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# रीपा में कार्यरत श्रमिकों के साथ उनके बच्चों को भी मिले विभागीय योजनाओं का लाभ -कलेक्टर सिन्हा

- बैकवर्ड फारवर्ड लिंकेज पर करें फोकस, ताकि व्यवसाय हो सस्टेनेबल
- मिलेट्स पैंकेजिंग यूनिट को दें व्यवसायिक विस्तार
- मुख्यालय में नहीं रहने एवं गोठान चयन में लापरवाही पर धरमजयगढ़ जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर के निर्देश के बावजूद रीपा में प्रारंभ नही हुआ हैण्डलूम गतिविधि, संबंधित अधिकारी के वेतन वृद्धि रोकने के दिए निर्देश
- रीपा में बेहतर संचालन करने वाले आदिवासी उद्यमी होंगे सम्मानित



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रीपा के कार्यों एवं संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने विकासखंडवार रीपा गोठानों के लिए चयनित गतिविधियों एवं वर्तमान में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने दुर्गापुर में गौठान चयन के फलस्वरूप गतिविधियों के प्रभावित होने एवं मुख्यालय में निवास नही करने पर जनपद सीईओ धरमजयगढ़ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार हैण्डलूम विभाग को निर्देश के बाद भी रीपा गोठान में अपनी गतिविधि संचालित नहीं करने पर हैण्डलूम विभाग के अधिकारी का वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा रीपा के आजीविका मूलक कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में कार्यरत लोगों का श्रमिक कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके फलस्वरूप श्रम विभाग द्वारा असंगठित क्षेत्र के लगभग 494 मजदूरों का श्रमिक कार्ड बनाया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गोठानों में कार्यरत इन सभी मजदूरों के बच्चों को छात्रवृत्ति, गर्भवती महिलाओं एवं शादी योग्य बच्चियों को श्रम विभाग में संचालित सभी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने डोंगीतराई रीपा की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि मुर्गी पालन के कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ करें। साथ ही उन्होंने कहा कि गौठान में कोदो-कुटकी, रागी जैसे मिलेट्स पैंकेजिंग का कार्य बेहतर है। इसे विस्तार देते हुए व्यावसायिक रूप में बड़े पैमाने पर किया जाए। इसी प्रकार पण्डरीपानी में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली एवं शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैहामुड़ा रीपा में सीएससी संचालिका की बेहतर कार्य की सराहना की। उन्होंने पुसौर रीपा में गोबर पेंट के उत्पादन बढ़ाने एवं दुर्गापुर में गोबर पेंट के यूनिट अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तमनार, बोतल्दा, मीलूपारा, मुकडेगा, कोड़ासिया जैसे विभिन्न गोठानों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि जिन गोठानों के पास तालाब है, वहां मत्स्य पालन के लिए कार्ययोजना बनाएं। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी, सेरीकल्चर, हथकरथा, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के रीपा में संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की।

**आदिवासी दिवस पर आदिवासी उद्यमी होंगे सम्मानित-** कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में कार्यरत आदिवासी उद्यमियों की जानकारी लेते हुए गोठानों में कार्यरत सफल आदिवासी उद्यमियों का नाम भेजने के निर्देश दिए, जो रीपा में बेहतर कार्य कर है। उन्हे आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोन से संबंधित प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने बैंक के प्रतिनिधियों को रीपा उद्यमी के लोन प्रकरण को स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

**बैकवर्ड फारवर्ड लिंकेज पर करें फोकस-** कलेक्टर सिन्हा ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित कि गोठानों में ऐसी गतिविधियों को संचालित करें जिसकी मांग मार्केट में हो। उन्होंने सीईओ जनपद से बैकवर्ड फारवर्ड लिंकेज पर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि व्यवसाय सस्टेनेबल हो सके। उन्होंने कहा कि रीपा के बने उत्पाद के गुणवत्ता के साथ कम कीमत में उपलब्ध हो सुनिश्चित किया जाए।

**रीपा गोठानों में स्थानीय पौधों का करें वृक्षारोपण-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी रीपा गोठानों में वृक्षारोपण की जाए। उन्होंने कहा कि रोपण हेतु बड़े पौधों का चयन करें ताकि जीवित रह सके। उन्होंने स्थानीय पौधे जैसे महुआ, आम, इमली, बरगद आदि के रोपण के निर्देश दिए।

## चक्रधरनगर पुलिस ने पुसौर के कोतासुरा में छिपे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**रायगढ़।** दिनांक 20.07.2023 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा युवती से दुष्कर्म के आरोपी खीर सागर उर्फ खीर मालाकार पिता डमरूधर मालाकार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम अडबहाल थाना चक्रधरनगर को पुसौर थानाक्षेत्र के ग्राम कोतासुरा से गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। 04 जुलाई को आरोपी खीरसागर मालाकार के विरूद्ध अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था।

पीड़ित युवती द्वारा 04 जुलाई को आरोपी के विरूद्ध आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि एक ही स्कूल में पढ़े होने के कारण खीर सागर को जानती पहचानती थी। पिछले एक साल से खीरसागर से प्रेम संबंध है, खीरसागर द्वारा इस वर्ष जनवरी माह से शादी कर पत्नी बनाकर रखूंगा कर घर के पीछे जंगल में शारीरिक संबंध बनाता था। धीरे-धीरे खीर सागर बातचीत कम करने लगा, अप्रैल माह में खीर सागर ने शादी से साफ इंकार कर अपने गांव से भाग गया। युवती के आवेदन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा धारा 376 आईपीसी के तहत आरोपी खीरसागर पर अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी के लिये उसके गांव और उसके परिचतों के यहां दबिश दिया गया, आरोपी फरार था। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये मुखबिर तैनात किया गया था जिनके द्वारा कल आरोपी को ग्राम कोतासुरा , पुसौर में देखे जाने की सूचना पर तत्काल टीआई प्रशांत राव हमराह प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन को साथ लेकर कोतासुरा जाकर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसका मेडिकल आदि की औपचारिकताएं पूर्ण कर आरोपी के घरवालों को उसकी गिरफ्तारी की सूचना देकर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां से उसका न्यायिक रिमांड स्वीकृत होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## सीईओ जितेन्दर यादव ने सेमीनार में दिए छात्रों को कैरियर गाइडेंस के टिप्स, जिला ग्रन्थालय में आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस सेमीनार

- यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर रहा आज फोकस



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में प्रति शुक्रवार को जिला ग्रंथालय में कैरियर गाईडेंस सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमीनार का मुख्य उद्देश्य आज के युवा विद्यार्थी वर्ग को उनके कैरियर का चुनाव करने के लिए एक नई सोच एवं दिशा प्रदान करना है। युवा पीढ़ी अपने कैरियर को लेकर बहुत ज्यादा भ्रमित होते रहते है। इस सेमीनार के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा उन सभी विद्यार्थियों को उनके सोच के आधार पर उन्हें एक मंजिल तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिसमें जिले में पदस्थआईएएस, आईपीएसी अधिकारी उनके बीच पहुंच रहे है और उन्हें सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत सीईओ के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे।

सीईओ जितेन्दर यादव ने आज उपस्थित विद्यार्थियों को यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर छात्रों को मार्गदर्शन दिए। सर्वप्रथम उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए उनकी सभी वैकल्पिक जानकारी के साथ पूरी लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी वैकल्पिक विषयों में प्राप्त अंकों को अंतिम योग्यता की तैयारी के लिए माना जाता है। इसलिए यूपीएससी के लिए वैकल्पिक विषय का चुनाव सावधानी से करना चाहिए। अब उम्मीदवारों को केवल एक वैकल्पिक विषय चुनना होगा। यूपीएससी के लिए सर्वोत्तम वैकल्पिक विषय कैसे चुना जाए, इस पर एक विशेषज्ञ रणनीति के साथ काम करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने भारत के संविधान की प्रमुख विशेषताएं, भारत के संविधान का संक्षिप्त परिचय, राज्यसभा की शक्तियां क्या होती है एवं इससे जुड़ी जानकारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इसका अध्ययन ठीक से करना चाहिए क्योंकि यूपीएससी परीक्षा के लिए भारतीय संविधान का जानना बेहद उपयोगी है। इस दौरान सीईओ यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया एवं उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में जिला ग्रंथालय में नि:शुल्क पीएससी कोचिंग के साथ महिला पर्यवेक्षक की तैयारियां भी करायी जा रही है।

इस अवसर पर एपीसी भुनेश्वर पटेल, केन्द्र समन्वयक मनोज पटेल, लाईब्रेरिन अशोक पटेल, दीपक सिंह सहित लाईब्रेरी के अन्य स्टॉफ एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थी शामिल हुए थे।

## 24 से 28 जुलाई तक चलेगा रोजगार मेला सप्ताह

- साढ़े आठ सौ से अधिक पदों पर होगी भर्तियां
- रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदक साक्षात्कार में हो सकते है उपस्थित
- रिक्त पदों एवं योग्यता से संबंधित जानकारी रोजगार मितान पोर्टल पर भी कर सकते है अवलोकन




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि स्थानीय युवाओं को उनके योग्यतानुसार उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। इसी कड़ी में आगामी 24 से 28 जुलाई तक रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जायेगी।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेट को बढ़ावा देने के लिए आगामी 24 से 28 जुलाई 2023 तक रायगढ़ मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन होने जा रहा है। अतएव पोर्टल में पंजीकृत आवेदक निर्धारित तिथि को ट्रेड के अनुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। आवेदक रिक्तियों की विस्तृत जानकारी रोजगार मितान पोर्टल https://raigarhrozgarmitan.in में भी अवलोकन कर सकते है।

रोजगार मेला सप्ताह के दौरान 24 से 28 जुलाई तक 30 नियोजकों के माध्यम से लगभग 856 रिक्तियां शामिल है। इनमें 24 जुलाई को 10 नियोजकों के माध्यम से कुल 139 तकनीकी रिक्तियां एवं अप्रेंटिसशिप शामिल है। जिसके लिए आईटीआई, डिप्लोमा से संबंधित शैक्षणिक योग्यता होना आवश्यक है। इसी तरह 25 जुलाई को 10 नियोजकों के माध्यम से 168 तकनीकी रिक्तियां एवं अप्रेंटिसशिप के लिए स्नातक, डिप्लोमा, बीई, आईटीआई जरूरी है। 26 जुलाई को 8 नियोजकों के माध्यम से 214 गैर तकनीकी रिक्तियों के लिए 12 एवं स्नातक, 27 जुलाई को एक नियोजक के माध्यम से 325 सिक्युरिटी सर्विस से संबंधित रिक्तियां शामिल है, जिसके लिए 10 वीं, 12 वीं एवं स्नातक की योग्यता जरूरी है। इसी तरह 28 जुलाई को 1 नियोजक के माध्यम से 10 रिक्तियों में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर हेतु चयन किया जाएगा। इसके लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### टेंडर निरस्त कराकर 12 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** ऐश्वर्या बाजार आमासिवनी में तीन लोगों ने टेंडर निरस्त कराकर कर 12 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय नायर 34 वर्ष ऐश्वर्या बाजार आमासिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी हिमांशु गुप्ता व अन्य 2 ने प्रार्थी से कंस्ट्रक्शन एवं वाटर ट्रीटमेंट का 2,56,77,000 रुपए का काम कराकर प्रार्थी को 1,32,72,777 रुपए का भुगतान किया और शेष रकम को बाद में देने की बात कहीं। जिसके बाद आरोपियों ने टेंडर निरस्त कराकर शेष रकम को भी नहीं दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अपर आयुक्त के.एल. चौहान ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** बिलासपुर राजस्व संभाग के अपर आयुक्त एवं प्रभारी निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम बंजारी, सुवाताल और हरदी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। चौहान ने बीएलओ एवं मतदाताओं से मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों और 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए रैम्प, शौचालय, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक संसाधनों की पूर्ति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज, तहसीलदार आयुष तिवारी सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम में स्कूली बच्चों को दी गई ट्रैफिक नियमों की बेसिक जानकारी, ट्रैफिक डीएसपी ने ओपी जिंदल स्कूल नलवा में पढ़ाया यातायात का पाठ



**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एएसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर ट्रैफिक पुलिस जिले के स्कूलों में स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दे रही है। आज ओपी जिंदल स्कूल नलवा तराईमाल में जाकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की बेसिक जानकारी प्रोजेक्टर लगाकर दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने न लगाने से होने वाले नुकसान, सड़क पर बने लाइन, सड़क किनारे लगाये गये यातायात संकेतों की जानकारी दी गई।

ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी द्वारा छात्राओं को बड़े ही सरल और रोचक तरीके से बताये कि बच्चे अपने परेंट्स से किस प्रकार यातायात नियमों का पालन करायें और सफर के दौरान बड़ों को नियमों का उलंघन करने से कैसे रोका जाये। ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि ज्यादातर युवा वर्ग ट्रैफिक नियमों को तोड़ते हैं और हादसे का शिकार होते हैं इसलिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है इसें अपनी आदत में लाये। जैसे - दुपहिया में तीन सवारी नहीं चलना, दुपहिया में हेलमेट, रॉन्ग साइड और ओव्हर स्पीड गाड़ी नहीं चलाना, कार आदि में सीट बेल्ट का प्रयोग करना, सिगनल का पालन, सड़क पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा का ध्यान रखना, प्रेशर हार्न का प्रयोग नहीं करना और बेहद जरूरी वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना। ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम में स्कूली बच्चों को यातायात संकेत, चिन्ह, रोड मार्किंग, लाइसेंस बनाने के नियम, वाहन चालन के तरीका संबंधी यातायात निर्देशिका वितरण किया गया। अवेयरनेस प्रोग्राम में प्रिंसिपल अलका गोडबोले के साथ स्कूल स्टाफ, बच्चे तथा ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी के साथ हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान, कांस्टेबल सतीश सिंह, मनीष मिंज शामिल थे।

## जिले में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म बनकर तैयार

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किया है भारत सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कार्ड ले जाने, अगली खुराक पर नजर रखने सहित अन्य परेशानियां खत्म हो सकती है। यू-विन प्लेटफार्म का उपयोग प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करने, उनके प्रसव के परिणाम को रिकार्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने एवं उसके बाद समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों के लिये किया जाएगा। यू-विन के माध्यम से समस्त गर्भवती महिलाओ एवं शिशुओं को नाम सहित ट्रेकिंग किया जा सकेगा तथा समय पर लाभार्थियों को टीकाकरण करने में सहायता मिलेगी। यू-विन के माध्यम से टीकाकरण के तुरंत बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जारी हो जाता है। इस संबंध में विगत दिवस 19 जुलाई 2023 को सीएमएचओ कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण तथा डिजिटललाईजेशन हेतु भारत सरकार द्वारा यू-विन पोर्टल के माध्यम से मिशन इंद्रधनुष अंतर्गत प्रथम चरण 07-12 अगस्त, द्वितीय चरण 11-16 सितंबर तक, तृतीय चरण 9-14 अक्टूबर तीन चरणों में चलाया जायेगा। जिससे यू-विन ऐप के उपयोग से सारी समस्याओं के निराकरण में सहायता मिलेगी वेक्सीन पूरा होने पर सर्टिफिकेट ऑनलाइन कहीं भी कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। इसे डिजिटल लॉकर में भी रख सकते हैं इस ऐप के माध्यम से गर्भवती एवं शिशुओं को टीकाकरण कार्ड आयुष्मान भारत के खाते के पहचान पत्र से भी जुड़ेगा। सभी मेडिकल कालेज,जिला चिकित्सालय,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र के पास से डाटाबेस मौजूद होगा।

इससे एक टीका किसी अस्पताल में लगने के बाद दूसरे टीका राज्य के किसी अन्य अस्पताल में लगवाया जा सकता है। वेक्सीनेशन का एप्वाइंटमेंट भी ऑनलाइन होगा, जिससे जच्चा एवं बच्चा को वेक्सीनेशन के लिए लंबा इंतजार करना नही पड़ेगा। अगले टीकाकरण का तारीख का एलर्ट भी रजिस्टर्ड मोबाइल नं.पर आयेगा। शिशुओं के वेक्सीनेशन की बुकिंग करने के लिए पालक को पहले स्वयं को पंजीकृत करना होगा। उसके पश्चात शिशु का रजिस्ट्रेशन करना होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480